प्रकाशनार्थ

10 अक्टुबर, 2024 गोरखपुर

## गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक कों नासु ने किया सम्मानित

गोरखपुर। भारत में काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति के उपलक्ष्यप में गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में नागरिक सुरक्षा,गोरखनाथ प्रखण्ड,गोरखपुर के तत्वा‍ुवधान में रक्तडदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 111रक्तदाताओं ने रक्तदान किया था। इस दौरान ब्लड बैंक का सराहनीय सहयोग रहा। गोरखपुर समेत पूर्वांचल के कई जिलों में रोगियों के उपचार के लिए रक्त की उपलब्धता कराने के लिए गोरक्षनाथ ब्लड बैंक कों नागरिक सुरक्षा ने सम्मानित किया है। डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल कों स्मृति -चिन्ह् व प्रशस्ति -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ब्लड बैंक के प्रभारी ने बताया की गोरक्षनाथ ब्लड बैंक, गोरखपुर, पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के साथ बिहार व नेपाल के लिए वरदान साबित हो रहा है। बेसहारा रोगियों कों भी रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान डिप्टी डिवीजनल वार्डेन मुर्तजा आलम, ब्लड बैंक के अमित मिश्रा,चंन्द्रेश्वर यादव,गार्गी गौतम,तूलिका श्रीवास्तव,निधि नायक, सतीश, आशीष, निकिता,रंजना आदि उपस्थित रहे।